# पाठ 6. किसान और काश्तकार

---

## महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

**प्रश्न : अमेरिका में आए गेंहूँ की खेती में उछाल और बाद में पर्यावरणीय संकट से हम क्या सबक ले सकते है ?**

**उत्तर :** हमें पारिस्थितिक संतुलन का आदर करना चाहिए । हमें वनों को अंधाधुंध काटकर अधिकतम भूमि पर कृषि नहीं करनी चाहिए। सूखें एवं उचित तापमान के लिए हमें पर्यावरण की सूरक्षा करनी चाहिए।

**प्रश्न : इंग्लैन्ड में औद्योगिक क्रांति ने किस प्रकार कृषि को प्रभावित किया ?**

**उत्तर :** इंग्लैन्ड में औद्योगिक क्रांति ने निम्न प्रकार से कृषि को प्रभावित किया।

1. औद्योगिक क्रांति ने कृषि के तकनिक को ही बदल दिया, नये कृषि उपकरणों का अविष्कार हुआ।
2. कृषि उत्पाद में बढोतरी हुई ।
3. औद्योगिक क्रांति के विकास के साथ साथ उद्योंगों पर अधारित कृषि को बढावा मिला।

**प्रश्न : इंग्लैण्ड के किसान थ्रेशिंग मशीनों का विरोध क्यों कर रहें थे ?**

**उत्तर :** इंग्लैण्ड के किसान थ्रेशिंग मशीनों का विरोध करने के निम्न कारण थे।

1. गरीब किसान समझते थे कि ये मशीनें उनकी जीविका को कम कर देंगी।
2. वे समझते थे कि बडे किसान और जमींदार बाडाबंदी आंदोलन को और बढ़ावा देंगें |
3. आम जनता कई हिस्सों में बंट गए इन्हें अपने रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था।

**प्रश्न : कैप्टन स्विंग कौन था ?**

**उत्तर :** कैप्टन स्विंग एक काल्पनिक नाम था जो सर्वहारा वर्ग ;थ्रेशिंग मशीनों के विरोधीयों द्ध का प्रतिनिधित्व करता था । कैप्टन स्विंग के नाम से डरावने पत्र  लिखें जाते थे जिसके द्वारा धनी या जमींदार लोगों को थ्रेशिंग मशीनों के विरोध में धमकियॉ दी जाती थी ।

**प्रश्न : किन कारणों से इंग्लैण्ड में कृषि उत्पादों की मॉग बढ गई ?**

**उत्तर :** इंग्लैण्ड में कृषि उत्पादों की मॉग बढने के तीन कारण थे ।

1. बढ़ती जनसंख्या ।
2. शहरीकरण ।
3. फ्रांस से युद्ध ।
4. औद्योगिक क्रांति

**प्रश्न : इंग्लैण्ड में बाडाबंदी क्यों आवश्यक हो गई ? कोई दो कारण दीजिए।**

**उत्तर :**

1. भूमि पर लंबी अवधि के निवेश के कारण ।
2. धनी किसानों को अपने नियंत्रण की भूमि को विकसीत करने के लिए बाडाबंदी आवश्यक थी ।

**: ?**

**उत्तर :** इंग्लैण्ड में ।

**प्रश्न : इंग्लैण्ड में हुए बाडाबंदी आंदोलन को बढावा देने वाले कारक क्या थें ?**

**उत्तर :** इंग्लैण्ड में हुए बाडाबंदी आंदोलन को बढावा देने वाले कारक निम्न थें।

1. बढती जनसंख्या और अनाजों की बढती मॉग ।
2. कृषि उत्पादों की उच्ची कीमते ।
3. भूमि पर लंबी अवधि के निवेश करने के लिए।
4. धनी किसानों को अपने नियंत्रण की भूमि को विकसीत करने के लिए।

**प्रश्न : इंग्लैण्ड में हुए बाडाबंदी आंदोलन से क्या हानियॉ हुई ?**

**उत्तर :** इंग्लैण्ड में हुए बाडाबंदी आंदोलन से निम्न हानियॉ हुई।

1. मुक्त भूमि समाप्त हो गई ।
2. छोटे किसानों ने अपनी भूमि बडें किसानों को बेंच दी।
3. बडी संख्या में गरीब गॉव छोड गए।
4. इन्हें स्वयं रोजगार के लिए संघर्ष करना पडा।

**प्रश्न : अमेरिका में आए गेंहूँ की खेती में उछाल और बाद में किस प्रकार पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हुए ?**

**उत्तर :** ग्रेट प्लेन में गेंहूँ की खेती के विस्तार पे कई समस्याएँ उत्पन्न हुए।

1. 1930 के दशक में धूल भरी आँधी ने दक्षिणी मैदानों का अपरदन कर दिया ।
2. काले बर्फिले तूफान अक्सर चलने लगे।
3. जैसे ही धूल भरी आँधी चलती थी लोग अंधे हो जाते थे और जानवर दम घुटकर मर जाते थे।

**प्रश्न : अंग्रेज अफीम की खेती के लिए भारतीय किसानों पर क्यों दबाव डाल रहे थे ?**

**उत्तर :** अंग्रेज अफीम की खेती के लिए भारतीय किसानों पर इसलिए दबाव डाल रहे थे क्योंकि अफीम के बजार का विस्तार चीन तक हो गया था । बंगाल पर अधिकार कर लेने के बाद अंग्रेजों ने अफीम की खेती करने का तो निश्चय ही कर लिया था ।

**प्रश्न : इच्छा न होते हुए भी अफीम की खेती करने के लिए मजबूर क्यों थें ?**

**उत्तर -** इच्छा न होते हुए भी अफीम की खेती करने के लिए मजबूर इसलिए थें क्योंकि:-
1. गरीब किसानों के पास जीवीका कोई साधन का नहीं होना ।
2. लगान और अपनी आवश्यकता पूरी करना ।
3. गाँव के मुखिया द्वारा किसानों को अग्रिम राशि का दिया जाना ।
4. अग्रिम राशि लेकर किसान मुकर नहीं सकते थे।

**प्रश्न : भारतीय किसानों के अफीम की खेती के प्रति उदासीनता के कारणों का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर :** भारतीय किसानों के अफीम की खेती के प्रति उदासीनता के कई कारण थे ।

1. फसल अच्छी भूमी पर पैदा की जाती थी जो गाँव के समीप तथा उपजाऊ होती थी । इस भूमी में वे दाले पैदा करते थे अब वो अफीम पैदा करने लगे और दालें घटिया भूमी पर पैदा करने लगे जिससे उन्हे परेशानी होने लगी ।
2. बहुत से किसानो के पास भूमी नहीं था, अच्छी भूमी के लिए उन्हें अधिक लगान देना पडता था।

3. अफीम की खेती एक कठिन प्रक्रिया है, इसमें अधिक परिश्रम की आवश्यकता पडती है। इससे किसान अन्य फसलों की खेती पर पूरा ध्यान नही दे पाते थें।
4. ब्रिटिश अफीम उत्पादको को बहुत कम मूल्य देती थी, जिससे केसानो को घाटा होता था।

**प्रश्न : अमेरिका में फसल काटने वाली मशीनों के तीन हानियाॅ बताइए।**

**उत्तर :** हानियाँ :

1. अमेरिका मे गरीब किसानो को इन मशीनो से दुःख पहुँचा जिन्होने उधार लेकर मशीने खरीदी थी। वे कर्ज नही चुका पाए ।
2. नई मशीन और तकनीक के कारण हाथ से काम करने वाले मजदूरो मे बेरोजगारी बढ़ गई ।
3. सैकड़ो किसानो ने भूमि छोड़ दी और नौकरी की तलाश मे निकल पड़े ।

**प्रश्न : अमेरिका में फसल काटने वाली मशीनों के तीन लाभ बताइए।**

**उत्तर :** लाभ:-

1. गेंहूँ उत्पादन में वृहद विस्तार हो गया ।
2. फसल पकने के कुछ ही समय बाद फसल काट ली जाती थी ।
3. यह मशीन एक दिन में 16 श्रमिको के बराबर फसल काटता सकता था ।
4. इस मशीनों के कारण समय और श्रम की बहुत बचत होती थी ।